भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-97
उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

**शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली की पुनर्संरचना**

**† *97. श्री जी. सेल्वम:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(ख) तमिलनाडु में विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;
(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कितने शिक्षकों को अब तक प्रशिक्षित किया गया है;
(घ) क्या सरकार शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोई परिवर्तन करने/उसे अद्यतन बनाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली की पुनर्संरचना की है और पाठ्यक्रमों की अवधि में वृद्धि की है तथा इंटर्नशिप को अनिवार्य बनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) देश में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**माननीय संसद सदस्य श्री जी. सेल्वम द्वारा 'शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली की पुनर्संरचना' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 97 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (च): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और शिक्षकों की भर्ती, तैनाती, सेवा की शर्तें और नियम, जिनमें शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शामिल है, संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

एससीईआरटी, तमिलनाडु द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार:

- सभी शिक्षकों को, चाहे उनकी कोई भी श्रेणी हो, प्रशिक्षण दिया जाता है।
- तमिलनाडु में शिक्षकों का श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार है:

| **विवरण** | **कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक** | **कक्षा 6-10 को पढ़ाने वाले शिक्षक** | **कक्षा 11-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक** | **कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले कुल शिक्षक** |
|---|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 13829 | 19053 | 7680 | 40562 |
| अनुसूचित जनजाति | 641 | 783 | 303 | 1727 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 66504 | 73121 | 30319 | 169944 |
| सामान्य | 4342 | 5342 | 1632 | 11316 |

(स्रोत: ईएमआईएस, एससीईआरटी, तमिलनाडु)

तमिलनाडु राज्य में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों हेतु वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

एनईपी-2020 की अनुशंसा के अनुसार, शिक्षक शिक्षा के लिए एनईपी-2020 में परिकल्पित सुधारों को लागू करने और शिक्षकों को नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने हेतु एक एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) शुरू किया गया है। स्कूल अनुभव और इंटर्नशिप आईटीईपी पाठ्यक्रम के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं और शिक्षक शिक्षा और प्रशिक्षण का एक अभिन्न अंग हैं।

इसके अतिरिक्त, एनईपी 2020 में इन संस्थानों की क्षमता और कार्य संस्कृति को बदलने और उन्हें उत्कृष्ट जीवंत संस्थानों के रूप में विकसित करने के लिए डीआईईटी को पुनर्जीवित करने की मान्यता दी गयी है। समग्र शिक्षा के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आगामी पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से देश के सभी 613 कार्यात्मक डीआईईटी के वास्तविक उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में, 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 125 डीआईईटी को लगभग 92,320.18 लाख रुपये के बजट की मंजूरी दी गई है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**माननीय संसद सदस्य श्री जी. सेल्वम द्वारा 'शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली की पुनर्संरचना' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 97 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक:**

- **शैक्षणिक वर्ष 2022-2023:**

| **प्रशिक्षण** | **शिक्षकों का स्तर** |
|---|---|
| एन्नुम एझुथुम | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| सभी के लिए आईसीटी | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| उदाहरणपरक सामग्री | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| एन्नम एज़ुथुम - ब्रिज पाठ्यक्रम | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| आकलन | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण | कक्षा 6-8 को पढ़ाने वाले सभी अंग्रेजी शिक्षक |

- **शैक्षणिक वर्ष 2023-2024:**

| **प्रशिक्षण** | **शिक्षकों का स्तर** |
|---|---|
| एन्नुम एझुथुम | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| भावनात्मक कल्याण और जीवन कौशल | कक्षा 9-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण | कक्षा 6-8 को पढ़ाने वाले सभी अंग्रेजी शिक्षक |
| स्वास्थ्य एवं कल्याण | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| अधिगम परिणाम और आकलन | कक्षा 6-10 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| माता-पिता की सहभागिता और कक्षा प्रबंधन रणनीतियाँ | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| विशेष आवश्यकता वाले बच्चे | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| प्रशिक्षकों की क्षमता निर्माण<br>(पृथक प्रशिक्षण कैडर का निर्माण) | कक्षा 6-10 को पढ़ाने वाले 250 शिक्षक,<br>कक्षा 6-10 को पढ़ाने वाले 250 शिक्षक,<br>कक्षा 11-12 को पढ़ाने वाले 400 शिक्षक |
| पुरातत्व प्रशिक्षण | कक्षा 1-10 को तमिल और सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाले 1000 शिक्षक |

- **शैक्षणिक वर्ष 2024-2025:**

| **प्रशिक्षण** | **शिक्षकों का स्तर** |
|---|---|
| एन्नुम एझुथुम | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| सूचना संचार और प्रौद्योगिकी | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| भावनात्मक कल्याण | कक्षा 9-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण | कक्षा 6-8 को पढ़ाने वाले सभी अंग्रेजी शिक्षक |

| | |
|---|---|
| बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान बनाना (साइबर अपराध, जेंडर संवेदनशीलता, पदार्थ/नशीली दवाओं का उपयोग) | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| बाल यौन शोषण की रोकथाम | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| विशेष आवश्यकता वाले बच्चे | कक्षा 1-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| पढ़ने को आदत बनाना (वसिपु लयक्कम) | कक्षा 1-10 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| विभेदित शिक्षण एवं अधिगम | कक्षा 1-10 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| प्रश्न पूछने की कला | कक्षा 1-10 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| मौलिक शिक्षा | कक्षा 6-12 को पढ़ाने वाले शिक्षक |
| प्रशिक्षकों की क्षमता निर्माण<br>(पृथक प्रशिक्षण कैडर का निर्माण) | कक्षा 1-5 को पढ़ाने वाले 250 शिक्षक,<br>कक्षा 6-10 को पढ़ाने वाले 250 शिक्षक,<br>कक्षा 11-12 को पढ़ाने वाले 400 शिक्षक |
| पुरातत्व प्रशिक्षण | कक्षा 1-10 को तमिल और सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाले 1000 शिक्षक |